# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

**प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी०एल०एड०) पाठ्यक्रम (सत्र 2025–27) में नामांकन हेतु डी०एल०एड० (संयुक्त प्रवेश) परीक्षा, 2025 के आवेदकों, उनके अभिभावकों एवं अन्य संबंधितों के लिए प्रवेश पत्र निर्गत करने तथा परीक्षा आयोजन संबंधी आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा डी०एल०एड० (संयुक्त प्रवेश) परीक्षा, 2025 के आवेदकों, उनके अभिभावकों एवं अन्य संबंधितों को सूचित किया जाता है कि डी०एल०एड० (संयुक्त प्रवेश) परीक्षा, 2025 **दिनांक 26.08.2025** से राज्य के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर CBT (Computer Based Test) के माध्यम से संचालित होगी। **परीक्षा का प्रवेश पत्र शीघ्र ही निर्गत कर समिति की वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा।**

2. उक्त परीक्षा के लिए आवेदकों को निर्गत किए जाने वाले प्रवेश पत्र में परीक्षा केन्द्र का नाम, परीक्षा की तिथि, परीक्षा केन्द्र पर पहुँचने का समय, परीक्षा केन्द्र का गेट बन्द होने का समय, परीक्षा का समय एवं अन्य आवश्यक निर्देश आदि अंकित रहेगा। **प्रवेश पत्र समिति की वेबसाईट पर अपलोड किए जाने की सूचना, वेबसाईट के विवरण सहित, अलग से समाचार पत्रों में विज्ञप्ति के माध्यम से प्रसारित की जाएगी।**

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 198/2025

परीक्षा नियंत्रक (विविध)